# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शनिवार, 11 अक्टूबर, 2025

वर्ष 01 | अंक 252 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## राजवाड़ा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधार हेतु ट्रैफिक पुलिस व नगर निगम की संयुक्त कार्यवाही





**आदित्य शर्मा**

**इंदौर। पुलिस आयुक्त, नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में तथा अति. पुलिस आयुक्त (मुख्यालय/अपराध) श्री आर.के. सिंह एवं प्रभारी पुलिस उपायुक्त (यातायात) श्री आनंद कलादगी के निर्देशन में, इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा नगर निगम के साथ मिलकर राजवाड़ा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने एवं व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संयुक्त कार्यवाही की गई। दिनाँक को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री सन्तोष कुमार कौल, थाना प्रभारी यातायात सुश्री राधा यादव के नेतृत्व में यातायात पुलिस व नगर निगम की टीम राजवाड़ा पर एकत्रित हुई जिसे थाना प्रभारी यातायात पश्चिम सुश्री राधा यादव द्वारा मुहिम के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के दिशानिर्देश व विस्तृत जानकारी दी गई ।**

संयुक्त कार्यवाही के दौरान टीम द्वारा राजवाड़ा से सराफा, यशवंत चौक, सुभाष चौक, खजूरी बाजार, गोराकुंड, शीतला माता बाजार, कपड़ा मार्केट, बर्तन बाजार, जवाहर मार्ग क्षेत्र में भ्रमण किया। इस दौरान दुकानों व प्रतिष्ठानों के बाहर किए गए अतिक्रमणों को हटाया गया तथा सड़कों और मार्गों पर अनधिकृत रूप से खड़े दोपहिया व चारपहिया वाहनों को क्रेन की सहायता से हटवाया गया। साथ ही एनाउंसमेंट



कर दुकानदारों व वाहन चालकों को सार्वजनिक मार्गों को बाधामुक्त रखने तथा निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्क करने की हिदायत दी गई। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों द्वारा नागरिकों को यह संदेश भी दिया गया कि अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग से यातायात बाधित होता है, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अतः सभी व्यापारीगण व नागरिक यातायात नियमों का पालन करें एवं शहर की स्वच्छ व सुचारु यातायात व्यवस्था में सहयोग करें। सुगम यातायात हेतु इस तरह की संयुक्त कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु इंदौर नगरीय ज़ोन-02 के खजराना थाने में किया गया शिविर का आयोजन






**आदित्य शर्मा**

पुलिस अधिकारियों ने समक्ष में आवेदकों की व्यथा सुनकर, की त्वरित कार्यवाही शिविर में सी एम हेल्पलाइन पर की गई विविध प्रकार की शिकायतों में से 15 से अधिक शिकायतों मे मौके पर ही कार्यवाही कर संतुष्टि पूर्वक किया गया निराकरण आवेदकों द्वारा इंदौर पुलिस की सीएम हेल्पलाइन शिकायत निराकरण शिविर मुहिम की, करी सराहना। इंदौर शहर के निवासियों द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा विशेष प्रयास कर त्वरित निराकरण के दिशा निर्देश दिए गए हैं। जिसके तारतम्य में नगरीय पुलिस के ज़ोन-02 में भी सीएम हेल्पलाइन के निराकरण हेतु थाना खजराना में शिवर लगाया गया।

### इस दौरान करीबन 50 से अधिक शिकायतकर्ता थाने पर उपस्थित हुए

सहायक पुलिस आयुक्त अनुभाग खजराना श्री कुंदन मण्डलोई एवं थाना प्रभारी खजराना मनोज सिंह सेंधव द्वारा सी एम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु आवेदकों को समक्ष में सुना गया। और सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु शिविर में ही 15 से अधिक शिकायतों का मौके पर ही संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया गया एवं अन्य शिकायतों पर भी एफआईआर दर्ज करने तथा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही इत्यादि अन्य सभी शिकायतों में भी वैधानिक कार्यवाही हेतु थाने के विवेचकों को दिशा निर्देश दिए गए । पुलिस उपायुक्त जोन 02 श्री कुमार प्रतीक एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री अमरेन्द्र सिंह द्वारा बताया कि इस प्रकार के शिवर जोन-02 के हर थानों पर समय समय पर लगते रहेंगे ताकि जनता की शिकायतों के निराकरण जल्द से जल्द किया जा सके। इस कार्यवाही से जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है और सभी ने शिकायत निराकरण शिविर की इस मुहिम की सराहना की है ।

उक्त कार्यवाही में सहायक पुलिस आयुक्त अनुभाग खजराना श्री कुंदन मण्डलोई, निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव, उनि. अनिल गौतम, सउनि सर्वेश राव फुके, प्रआर मनोज नायडे, आर. आशीष शर्मा, राहुल तिवारी एवं एदल गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।




# इंदौर पुलिस की नो एंट्री का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही लगातार जारी...

## 17 भारी वाहनों पर की चालानी कार्यवाही

इंदौर - शहर में सुगम सुरक्षित व सुखद यातायात हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में पुलिस द्वारा लगातार यातायात प्रबंधन का कार्य एवं नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। इसी अनुक्रम में कल




दिनांक 09 अक्टूबर की सुबह से आज 10 अक्टूबर की सुबह तक, नो एंट्री में भारी वाहनों को लाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध, इंदौर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 17 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की और उन्हें हिदायत दी गई कि प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करें।

# इंदौर पुलिस की ट्रैफिक हेल्पलाइन द्वारा किया जा रहा है शिकायतों के त्वरित समाधान का हरसंभव प्रयास



इंदौर। शहर में सुगम सुरक्षित व सुखद यातायात हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में इंदौर यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर – 7049107620 जारी किया गया है।

उक्त हेल्पलाइन पर कल 09.10.25 को ट्रैफिक पुलिस को कुल 24 शिकायते प्राप्त हुई, जिनमें से 15 का त्वरित निराकरण कर दिया। कल कुछ इस प्रकार की शिकायते आई-

1. मोडिफाइड सायलेंसर लगा कर्कश ध्वनि कर तेज गति से मोटरसाइकिल चलाने संबंधी।
2. नाश्ते/चाय की दुकानों के आगे बेतरतीब वाहन खड़े होने से यातायात अवरुद्ध होने।
3. लोडिंग व ई रिक्शा के रोड़ में बेतरतीब खड़े होने कारण जाम।
4. वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का उल्लघंन कर तेज गति से वाहन चलाने।
5. रॉन्ग साइड वाहन चलाकर वन वे का पालन नही करने।
6. नो-पार्किंग में रोड़ साइड व दुकानों के सामने खड़े वाहनो से यातायात अवरुद्ध होना।
7. जाम लगने के संबंध में।

उक्त 24 शिकायतों में उल्लेखित समस्याओ पर त्वरित कार्यवाही कर 15 का समाधान किया गया ,नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई है, शेष 09 में वाहन चालकों की तलाश कर कार्यवाही की जा रही हैं।

उक्त हेल्पलाइन शुरू होने से लेकर कल तक दिनों में कुल 409 शिकायत प्राप्त हुई जिनमे से 382 शिकायतो का त्वरित निराकरण किया गया है, शेष 27 शिकायतों पर भी कार्यवाही की जा रही है। आम नागरिकों से अनुरोध है कि सुव्यवस्थित यातायात हेतु इंदौर पुलिस को सहयोग दें और किसी भी प्रकार की ट्रैफिक संबंधी समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर – 7049107620 पर सूचना दें।

## रंजीत टाइम्स, समाज के साथ, सत्य के पथ पर

रंजीत टाइम्स न्यूज़पेपर ने अपने सफल पत्रकारिता के 10 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण किए। इस अवसर पर तिलक नगर थाना प्रभारी मनीष लोढ़ा द्वारा रंजीत टाइम्स परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। थाना प्रभारी ने कहा कि "रंजीत टाइम्स ने हमेशा निष्पक्ष, सच्ची और समाजहित की पत्रकारिता की है। ऐसे प्रयास समाज में विश्वास और सकारात्मकता का संचार करते हैं।" इस अवसर पर रंजीत टाइम्स टीम द्वारा थाना प्रभारी श्रीमनीष लोढ़ा को माँ अहिल्या देवी की सुंदर तस्वीर प्रेमपूर्वक भेंट की गई। यह भावनात्मक क्षण पत्रकारिता और पुलिस प्रशासन के आपसी सहयोग, विश्वास और सौहार्द का प्रतीक रहा। रंजीत टाइम्स के संपादक एवं समस्त टीम ने आभार व्यक्त करते हुए कहा हम समाज की सेवा, सत्य और जनहित के पथ पर निरंतर अग्रसर रहेंगे।"

## 10 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण

जीत टाइम्स न्यूज़पेपर ने अपने सफल पत्रकारिता के 10 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण किए। इस अवसर पर तिलक नगर थाना प्रभारी मनीष मेड़ा द्वारा रंजीत टाइम्स परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। थाना प्रभारी ने कहा कि "रंजीत टाइम्स ने हमेशा निष्पक्ष, सच्ची और समाजहित की पत्रकारिता की है। ऐसे प्रयास समाज में विश्वास और सकारात्मकता का संचार करते हैं।" इस अवसर पर रंजीत टाइम्स टीम द्वारा थाना प्रभारी श्रीमनीष मेड़ा को माँ अहिल्या देवी की सुंदर तस्वीर प्रेमपूर्वक भेंट की गई।



यह भावनात्मक क्षण पत्रकारिता और पुलिस प्रशासन के आपसी सहयोग, विश्वास और सौहार्द का प्रतीक रहा। रंजीत टाइम्स के संपादक एवं समस्त टीम ने आभार व्यक्त करते हुए कहा हम समाज की सेवा, सत्य और जनहित के पथ पर निरंतर अग्रसर रहेंगे।"

## पंडित अनिल बब्लू शर्मा का जन्मदिन पूर्वी क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया..

श्री परशुराम युवा सेना राष्ट्रीय संगठन के संगठन मंत्री एंव पूर्वी क्षेत्र बंगाली चौराहे पर स्थिती भगवान भयभंजन हनुमान मंदिर के संस्थापक वरिष्ठ समाज सेवी पंडित अनिल बब्लू शर्मा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया श्री परशुराम महादेव मंदिर के संस्थापक सूरज जोशी एंव भाजपा युवा नेता राकेश



भंडारी ने पंडित अनिल बब्लू शर्मा को फरसा भेट किया साथ में श्री परशुराम सेना के संस्थापक वैभव पांडे गौरव पांडे डाक्टर यत्नेश पंडित विजय मिश्रा गौरव भारद्वाज अमरीश पाराशर मुकेश द्विवेदी के.के शर्मा अशोक चौधरी संदीप कुलकर्णी मनोज जाँगिड़ भारत सिंह जादौन भरत व्यास अखिलेश राजोरीया अमन श्रीवास्तव कार्तिक गोस्वामी विशाल धाकड़ देवेश सिंह तोमर सूर्यकांत शर्मा सन्नी जैन नरेंद्र सिंह सिसोदिया प्रवीण मिमरोट सागर पंडित एंव समस्त समाजिक संगठन ने शुभकामना दी...

# दशहरा के बाद से मनाये जाने वाले सात दिवसीय गरबी महोत्सव का गुरुवार को हुआ समापन



संजय प्रेम जोशी

मांन कुंड देवगढ़ सहित आसपास के पाटीदार एवं खाती समाज बाहुल्य क्षेत्रों में दशहरा पर्व तिथि के बाद से सात दिवसीय गरबी महोत्सव का आयोजन होता है। इस वर्ष बेहरी तथा नया पुरा छतर पुरा में यह पर्व धूमधाम से मनायागया गुरुवार को कार्तिक माह की तीज तिथिपर सात दिवसीय गरबी का विसर्जन समापन हुआ।

बीते 7 दिनों में बेहरी स्थित मां कात्यायनी के मंदिर में महिलाओं-पुरुषों ने गरबा करते हुए मातारानी की आराधना की। गरबी की यह परंपरा क्षेत्र की खुशहाली के लिए और बेहतर फसल उत्पादन के लिए पर्व के रूप में मनाई जाती है। गुरुवार को कार्तिक माह की तीज पर पूरे गांव में गरबी का भ्रमण करवाते हुए निर्धारित स्थान पर पहुंच कर पूजा अर्चना की गई है। इसके बाद इस गरबी का बहते जल में विसर्जन कर दिया। गांव से जुड़े पं. अंतिम उपाध्याय व राजेंद्र उपाध्याय ने उक्त गरबी का पूजन किया। इसी महोत्सव के दौरान ग्रामीण किसान शुभम पटेल व रामरतन पटेल व संतोष प्रजापत ने खेड़ापति मंदिर में हनुमानजी महाराज को चोला चढ़ाकर अभिषेक किया। बेहरी से गुजरने वाली गुनेरा नदी में विधि-विधान से उक्त गरबी का विसर्जन किया। इस दौरान गांव के सूरज सिंह पाटीदार प्रहलाद गिरी गोस्वामी, शिवनारायण वर्मा, सूरजमल पाटीदार, मूलचंद पाटीदार, आत्माराम पाटीदार, कन्हैयालाल बागवान, हुकम सिंह बरेडिया, भोजराज पाटीदार, हेमराज पटेल, शिवनारायण पटेल, आत्माराम पाटीदार, आनंदीलाल पाटीदार, बद्रीलाल पाटीदार, शिवनारायण विश्वकर्मा, संतोष पाटीदार, पूर्व उप हीरालाल गोस्वामी आदि विशेष रूप से शामिल हुए। गुनेरा नदी में पर्याप्त पानी होने से विसर्जन प्रक्रिया बहुत उचित तरीके से हो गई। विसर्जन के पूर्व गरबी को श्रद्धापूर्वक संतोष प्रजापत ने सर पर रखते हुए जुलूस के रूप में पूरे गांव में भ्रमण कीया ओर खेड़ापति मंदिर तक ले जाया गया। मंदिर में अभिषेक पूजा कर इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं-पुरुष शामिल रहे।

# जितेन्द्र पुरोहित बने जन परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष

संजय प्रेम जोशी

अखिल भारतीय स्तर की गैर राजनीतिक एवं सामाजिक संस्था जन परिषद के संयोजक श्री रामजी श्रीवास्तव एवं सह समन्वयक श्री के. पी .अग्निहोत्री जी की अनुशंसा पर जन परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी श्री एन के त्रिपाठी ने , समाजसेवी एवं पत्रकार जितेन्द्र पुरोहित को जन परिषद का प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है । संस्था के महासचिव श्री अजय श्रीवास्तव नीलू के अनुसार जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 36 वर्षों से सामाजिक एवम् रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ, कई ऐतिहासिक एवम् अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है।संस्था पर्यावरण पर बारह अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 275 से अधिक एवम् विदेशो में 7 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवम् सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्तरूप दे रहे हैं।संस्था का मुख्य आधार मानवीय , सामाजिक एवम् राष्ट्रीय दृष्टिकोण है ।



जनपरिषद ने श्री पुरोहित को सर्व प्रथम उज्जेन सम्भाग का अध्यक्ष मनोनीत किया था बाद में उनकी कार्य कुशलता के आधार पर मालवा का संयोजक बनाया था । सयोजक बनने के बाद आपने 29 चेप्टर का गठन कर किया अतः संस्था ने आपकी इस उपलब्धि पर अब आपको प्रांतीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है।

रणजीत टाइम्स विशेष समाचार

## धार पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी जी से भेंट

धार – रणजीत टाइम्स के प्रतिनिधि दल ने आज धार पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी जी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्हें माता अहिल्या देवी की सुंदर फोटो फ्रेम रणजीत टाइम्स के सह-संपादक आदित्य शर्मा द्वारा सप्रेम भेंट की गई। मुलाक़ात के दौरान क्षेत्र में कानून व्यवस्था, जनसहयोग और पत्रकारों की भूमिका पर सार्थक चर्चा हुई। श्री अवस्थी जी ने रणजीत टाइम्स टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए समाज में सकारात्मक पत्रकारिता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इस अवसर पर रणजीत टाइम्स के मुख्य संपादक गोपल गावंडे जी, सह-संपादक आदित्य शर्मा, एवं टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# पिछोर डाकघर में मनाया गया राष्ट्रीय डाक सप्ताह कार्यक्रम एसडीओपी प्रशांत शर्मा नें एक पेड़ माँ के नाम लगाकर किया वृक्षारोपण



जगदीश पाल

पिछोर (शिवपुरी) राष्ट्रीय डाक सप्ताह कार्यक्रम के तहत नव सृजित पिछोर उप संभाग के विभागीय भवन (पोस्ट ऑफिस) में पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा के मुख्य आतिथ्य में माननीय प्रधानमंत्री जी की पहल एक पेड़ मां के नाम से प्रेरित होकर पौधा रोपित किया गया! इसके साथ ही एसडीओपी शर्मा ने कहा है कि पर्यावरण को संरक्षित करना हम सभी लोगों की एक नैतिक जिम्मेदारी है,जिसे हमें ईमानदारी के साथ निभाना चाहिए वृक्ष हमें ऑक्सीजन देने के साथ-साथ आसपास के माहौल को हरा भरा बनाते हैं,जिसमें हमें सुकून मिलता है इसलिए सभी को अधिक से अधिक वृक्ष अपने घर ऑफिस और आसपास के स्थानों पर लगाना चाहिए! इस मौके पर गौरव रघुवंशी निरीक्षक डाकघर पिछोर,जी. एस.मार्को उपडाकपाल सहित लेखा कार्यालय के जीडीएस साथी उपस्थित रहे!





# मां में बसती बेटी बेटी में बसती मां

मां-बेटी का रिश्ता दुनिया के सबसे गहरे और भावनात्मक संबंधों में से एक है। यह रिश्ता समय के साथ बदलता है, लेकिन इसकी आत्मा हमेशा प्रेम, समझ और समर्थन से भरी रहती है। जब बेटियां बड़ी होती हैं, तो वे केवल मां की परछाईं नहीं रहतीं, बल्कि उनकी प्रेरणा बन जाती हैं। आज की बेटियां मां की अधूरी इच्छाओं को पहचानती हैं और उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित करती हैं। वे मां को एहसास कराती हैं कि सपनों की कोई उम्र नहीं होती। अब मां-बेटी साथ मिलकर सपनों को साकार करते हैं। बेटियां मां को आत्मनिर्भर बनने के लिए न सिर्फ प्रेरित करती हैं, बल्कि उनकी राह की हर बाधा को दूर करने का काम करती हैं। वे मां की ताकत बनती हैं, उन्हें विश्वास दिलाती हैं कि वे भी अपनी पहचान बना सकती हैं। यह रिश्ता केवल खून का नहीं, बल्कि आत्मा का होता है, जहां दोनों एक-दूसरे की ताकत बनते हैं। मां-बेटी का रिश्ता समय के साथ और भी मजबूत होता है, जहां बेटी मां की प्रेरणा बनती है और मां बेटी की शक्ति। यह संबंध समाज के लिए प्रेरणा है कि कैसे दो पीढ़ियां एक-दूसरे का सहारा बनकर आगे बढ़ सकती हैं। उनके मन में आत्मविश्वास और खुशी की चमक बिखेरने वाली ऐसी ही कुछ बेटियों की मांओं से उनकी लाडलियों की नई सोच और मां से प्रेम के किस्से सुनिए

रणजीत टाइम्स

# लंबे-घने मजबूत बाल





**सहजन की पत्तियां बालों के लिए बेहद फायदेमंद हैं। इनमें मौजूद पोषक तत्व बालों को जड़ से मजबूत करते और उन्हें टूटने-झड़ने से रोकते हैं। लंबे-घने बालों के लिए इन्हें किस तरह इस्तेमाल किया जा सकता है, जानिए यहां...**

## मिलेगा नैचुरल ग्लो

**सामग्री :** एक टेबलस्पून सहजन की पत्तियों का पेस्ट, आधा एवोकाडो (मैश किया हुआ)

**विधि :** बोल में दोनों चीजें मिक्स कर बालों पर लगाएं, 15-20 मिनट बाद धो लें। 20-25 दिन में एक बार इसे बालों की चमक बढ़ेगी।



## बाले होंगे मजबूत

**सामग्री :** 2 टेबलस्पून सहजन की पत्तियों का पेस्ट, डेढ़ टेबलस्पून नारियल तेल

**विधि :** दोनों को मिलाकर स्कैल्प व बालों पर लगाएं और 15-20 मिनट बाद धो लें। पंद्रह दिन में एक बार इसे लगाएं, बाल मजबूत होंगे।



## डैंड्रफ से मिलेगी राहत

**सामग्री :** 2 टेबलस्पून सहजन की पत्तियों का पेस्ट, 2 टेबलस्पून ताजा दही

**विधि :** बोल में दोनों चीजें अच्छी तरह मिक्स कर जड़ों में लगाएं और 20 मिनट बाद धो लें। महीने में एक बार इसे लगाएं, डैंड्रफ से राहत मिलेगी।





## झड़ना बंद, बढ़ना शुरू

**सामग्री :** 2 टेबलस्पून सहजन पत्तियों का पेस्ट, 1 टेबलस्पून आंवला पाउडर, थोड़ा-सा एलोवेरा जेल, आवश्यकतानुसार पानी
**विधि :** सभी चीजें मिलाकर बालों में लगाएं और 20 मिनट बाद धो लें। बाल घने और मजबूत होंगे।

## खुजली नहीं करेगी परेशान

**सामग्री :** 2 टेबलस्पून सहजन पत्तियों का पेस्ट, 1 टेबलस्पून नीम पाउडर, गुलाबजल
**विधि :** सभी चीजें अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इसे सिर्फ स्कैल्प पर लगाएं और 20-25 मिनट बाद धो लें। खुजली और स्कैल्प इंफेक्शन से राहत मिलेगी।





## नर्म-मुलायम बाल

**सामग्री :** 2 टेबलस्पून सहजन की पत्तियों का पेस्ट, 1 टेबलस्पून शहद, 2 टेबलस्पून दही
**विधि :** सभी चीजें अच्छी तरह मिलाकर पूरे बालों में लगाएं और 15-20 मिनट बाद शैंपू करें। फ्रिजी बाल स्मूद और सिल्की बनेंगे।



## बाल बालेंगे वाह!

**सामग्री :** 2 टेबलस्पून सहजन पत्तियों का पेस्ट, 2 टेबलस्पून एलोवेरा जेल
**विधि :** दोनों चीजें मिलाकर स्कैल्प पर लगाएं और 20 मिनट बाद धो लें। स्कैल्प को ठंडक और नमी मिलेगी।



## जड़ों तक पोषण

**सामग्री :** 2 टेबलस्पून सहजन की पत्तियों का पेस्ट, 1 अंडा, 1 टेबलस्पून ऑलिव ऑयल
**विधि :** बोल में अंडे को फेंटें और बाकी सामग्री मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इसे बालों की लंबाई में लगाएं और 20 मिनट के बाद धो लें। बाल मजबूत और चमकदार होंगे।



**डिस्क्लेमर :** पैच टेस्ट के बाद ही हेयर पैक ट्राई करें। किसी भी तरह की चोट या एलर्जी से परेशान हैं, तो यह पैक इस्तेमाल करने से पहले डर्मेटोलॉजिस्ट से सलाह जरूर लें। •

**प्रस्तुति : वंदना**
*इनपुट्स : डॉ. अस्मिता अरोड़ा, सीनियर कंसल्टेंट डर्मेटोलॉजी, सूरी हॉस्पिटल, कानपुर और अर्पिता शर्मा पारे, ब्यूटी कंसल्टेंट, मुंबई*

# सिमरोल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सैनी के नेतृत्व में 21 मासूम बच्चों की कफ सिरप पीने से हुई दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के विरोध में कैंडल मार्च निकाल कर श्रद्धांजलि अर्पित की




महू-इंदौर- जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर सिमरोल में आयोजित कैंडल मार्च छिंदवाड़ा में 21 मासूम बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनकी मृत्यु सरकार की लापरवाही के कारण जहरीली कफ सिरप पीने से हुई। हम सबकी यह जिम्मेदारी है कि ऐसी दुखद घटनाएँ दोबारा न हों और दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स

# मां की बगिया कार्यक्रम में विधायक पहुंचे ग्रामीण कृषकों के बीच



**संजय प्रेम जोशी**

लघु कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए शासन द्वारा मां की बगिया कार्यक्रम चलाया जा रहा है। माँ की बगिया" से आपका मतलब मध्य प्रदेश सरकार की 'एक बगिया मां के नाम' परियोजना से है। जिसका उद्देश्य स्व-सहायता समूह की महिलाओं को निजी जमीन पर फलदार बाग लगाने के लिए आर्थिक और तकनीकी सहायता प्रदान करना है। यह परियोजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है। जिसके तहत गड्ढे खोदने पौधे खरीदने, फेंसिंग, जल कुंड बनाने और तीन साल तक पौधों की देखरेख का खर्च मनरेगा से कवर किया जाएगा।

पहले के समयमें अधिकतर परिवार सेजुड़ी महिला किसान बगीचे के रूप में घर आंगन में और आसपास घर में काम आने वाली सब्जियों को लगाकर शुद्ध पौष्टिक सब्जियां घर परिवार को उपलब्ध करवाती रही लेकिन समय के साथ-साथ आधुनिकता के चलते यह प्रचलन बंद हो गया है। इसी संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा मां की बगिया कार्यक्रम चलाया गया है। शुक्रवार को ग्राम पंचायत गुवाडी मे स्थानीय किसान बृजेंद्र ठाकुर के खेत पर लघु कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बागली विधायक मुरलीभंवरा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि घर आंगन में मौसम अनुरूप सब्जियां लगाना और औषधि युक्त पौधे लगाना हमारी संस्कृति में है । वर्तमान में शासन की योजना का लाभ लेकर महिलाएं फलदार पौधे लगाकर अतिरिक्त इनकम कर सकती है। शासन इस योजना के तहत मनरेगा योजना से मदद करेगा ग्रामीण क्षेत्रों में घर के आसपास पर्याप्त जगह रहती है। उस खाली जगह में घर में काम आने पूर्ति मौसम की सब्जियां विशेष रूप से लगाना चाहिए जैसे बालोर और गिलकी लोकी तुरई मिर्च टमाटर पुदीना आदी के साथ फलदार पौधे भी लगाये इस दौरान क्षेत्र से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता बीसन पुजारी भाजपा नेता राम सिंह ओसारी जटाशंकर मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव कैलाश गुप्ता अखिल बड़ौला भगवान सिंह कासलीवाल सरपंच प्रतिनिधि गोविंद बैरागी किसान विजेंद्र दांगी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जादू नहीं, विज्ञान है शासकीय सांदीपनी मॉडल स्कूल खनियाधाना में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन




**जगदीश पाल**

खनियाधाना( शिवपुरी )सांदीपनि विद्यालय खनियाधाना खनियाधाना के छात्रों ने वैज्ञानिक प्रयोगों से किया सबको चकित, अतिथियों ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह

शासकीय सांदीपनी मॉडल स्कूल खनियाधाना में आज दिनांक 09 अक्टूबर 2025 को विज्ञान प्रदर्शनी एवं "जादू नहीं, विज्ञान है" विषय पर आधारित कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तहसीलदार श्री निशिकांत जैन एवं विधायक प्रतिनिधि श्री जीतेंद्र पुरोहित द्वारा दीप प्रज्वलन और माँ सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और प्रयोगात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था। बच्चों ने मंच पर विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों को प्रस्तुत करते हुए यह संदेश दिया कि "जादू जैसा जो दिखता है, वह वास्तव में विज्ञान का अद्भुत चमत्कार है।" विद्यालय के प्रांगण में छात्रों द्वारा तैयार किए गए दर्जनों वैज्ञानिक मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिनमें सौर ऊर्जा से चलने वाली गाड़ियाँ, जल संरक्षण प्रणाली, ज्वालामुखी विस्फोट मॉडल, प्रदूषण नियंत्रण यंत्र, चुंबकीय बल प्रदर्शन और हाइड्रोलिक क्रेन मॉडल प्रमुख आकर्षण रहे। इन प्रयोगों ने उपस्थित अतिथियों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने प्रयोगों के माध्यम से यह भी समझाया कि किस प्रकार विज्ञान हमारे दैनिक जीवन में हर पल उपयोगी सिद्ध हो रहा है — चाहे वह बिजली का उपयोग हो, मोबाइल तकनीक हो या पर्यावरण संरक्षण के उपाय। विशेष आकर्षण यह रहा कि विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का स्वागत बड़े ही रचनात्मक तरीके से किया सफेद कागज पर लाल रंग से स्वागतम लिखकर, बच्चों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। अतिथियों ने छात्रों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में नवाचार और आत्मविश्वास का संचार करते हैं।

## तहसीलदार श्री निशिकांत जैन ने कहा

विज्ञान वह शक्ति है जो असंभव को संभव बनाती है। हमें बच्चों को प्रयोग करने की स्वतंत्रता देनी चाहिए, ताकि वे आने वाले कल के वैज्ञानिक बन सकें।" कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री टेकचंद जैन, श्री मोहन सोनी, श्री रोहित पाठक, श्री कृपान कुशवाह, श्री सोनू शर्मा, श्री सुरजीत साहू, श्री देवेंद्र झा, श्री मुकेश परिहार, श्री दीपक शिवहरे एवं श्री संजीव जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य श्री टेकचंद जैन ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और आयोजक टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा हमारा उद्देश्य बच्चों को प्रयोगशील बनाना और उन्हें यह समझाना है कि हर चमत्कार के पीछे विज्ञान की तर्कसंगत सोच छिपी होती है।" विद्यालय परिसर में दिनभर उत्साहपूर्ण माहौल रहा, और कार्यक्रम का समापन तालियों की गड़गड़ाहट एवं "जय विज्ञान" के नारों के साथ हुआ।

# अखिल भारत हिंदू महासभा ने सोनू चौहान बा जयदीप दीक्षित को दि नियुक्ति

**खुशबू श्रीवास्तव**

अखिल भारत हिंदू महासभा को मजबूती प्रदान करने के लिए और संगठन को मजबूत करने के लिए संगठन के संगठन मंत्री दिनेश सुगंधी जी प्रदेश अध्यक्ष रोहित दुबे प्रदेश महामंत्री विनोद जोशी प्रदेश संगठन मंत्री लालजी शर्मा जी की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष रोहित दुबे श्री मोहिता नंद महाराज कीअनुशंसा पर सहयक महामंत्री सोनू चौहान, एवं युवा संगठन मंत्री जयदीप दीक्षित की नवनियुक्त दी गई पूरे प्रदेश का विस्तार करने हेतु चयन किया गया है संगठन के सभी पदाधिकारी ने बहुत-बहुत बधाई भी दी एवं संगठन के सभी पदाधिकारीयों का सोनू चौहान, जयदीप दीक्षित ने आभार व्यक्त किया

